हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार, 17 जून 2024

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

13 मैनपुर ब्लॉक के दर्जनों स्कूल भवन जर्जर...


14 नवापारा शराब दुकान की सर्जरी, हटाए गए अधिकारी...




प्रवेश प्रारंभ
BCA PGDCA DCA B.P.Ed. B.P.E. PG Diploma In Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज
बेलभाठा, अभनपुर

# एक ही कंपनी को कई काम, सभी बंद, बरसात में होगी लोगों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत विशेष जनजाति बसाहट को पक्की सड़क से जोड़ने हेतु प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत सड़क कार्य प्रारंभ हुआ है इसके पीछे का उद्देश्य है कि वहां तक के पक्के पहुंच मार्ग का निर्माण हो किंतु एक ही फर्म द्वारा ठेका ले लिया गया है और सभी निर्माण कार्य बंद है। यहां पर सेमरा से स्कूल पारा छतरपुर तक 3 किलोमीटर सड़क निर्माण किया जाना है और 500 मीटर का सीसी रोड बनाया जाना है, जगह-जगह पर गड्ढा खोद दिया गया है और सभी जगह पर काम बंद है जो भविष्य में दुर्घटनाओं को आमंत्रित करता है साथ ही मानसून सर पर है कभी भी पानी गिर सकता है और इन गड्ढों पर पानी भरने से दुर्घटनाओं के साथ-साथ लोगों को बरसात में आने-जाने में काफी असुविधा होगी। सेमरा के अन्य वार्ड में बीच नहर में पुल के लिए खुदाई किया गया है जहां पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है और ना ही कोई घेरा बनाया गया है। यहां पर काम बंद पड़ा है और लोग द्वारा पूछा जा रहा है कि इन पुलो का निर्माण कब तक होगा और हमें परेशानी होने से कौन बचाएगा?

## जगह-जगह पर खोदे गए गड्ढे दुर्घटनाओं को दे रहे हैं आमंत्रण



### पुलिया के लिए गड्ढे की खुदाई

ग्राम सेमरा से स्कूल पारा छतरपुर तक 3 किलोमीटर सड़क निर्माण किया जाना है, जहां पर सरकार द्वारा पहले से ही इन तक के कच्ची सड़क का निर्माण किया गया है इन्हीं सड़कों के आसपास मिट्टी डालकर इन्हें प्रथम चरण की बात कह रहे हैं। सभी सड़कों के आजू-बाजू सोल्डर पर मिट्टी डाला गया है एवं पुलिया के लिए गड्ढे की खुदाई की गई है। सड़क निर्माण की लागत 157 लाख रुपये है। इसी तरह पहले फेस में ग्राम जरगांव, रवेली व खपरापारा में भी सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है और बाफना कंपनी द्वारा उसे भी ठेका पर लिया गया है वहीं तीनों जगह पर काम बंद है। जबकि कार्यपालन अभियंता ने स्वीकार किया है कि उनके पास संसाधन नहीं है जब इनके पास संसाधन ही नहीं है तो इन्हें ठेका किस आधार पर दिया गया है।

### जल्द होगा सीसी रोड का कार्य

कार्यपालन अभियंता सोनी ने कहा कि पुलों का कार्य अभी प्रारंभ किया गया है, जल्दी ही पुल निर्माण के पश्चात सीसी रोड का भी कार्य किया जाएगा एवं उसके पश्चात मिट्टी वाला को आगे बढ़ाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### गायत्री जयंती में हुआ छात्राओं का सम्मान

**फिंगेश्वर।** गायत्री प्रज्ञा मंडल अरंड में गंगा दशहरा, गायत्री जयंती एवं पंडित श्री राम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस पर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ। विधि- विधान से पूजा अर्चना कर पूर्णाहुति दी गई। इस पर्व पर गंगा माता की अवतरण, भागीरथ के तपस्या का विस्तार पूर्वक कथा रामअवतार साहू के द्वारा सुनाया गया। यज्ञ कार्य में गायत्री परिवार के छात्राओं ने प्रज्ञा गीत प्रस्तुती कर सम्पन्न किया। गायत्री परिवार के बच्चे कुमारी गीतांजलि पिता लोकेश कुमार साहू ने कक्षा 8वीं ने उज्वल ज्ञान ज्योति विद्यालय अरंड वर्ष 2023–24 में 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कुमारी चांदनी पिता भोज राम साहू ने कक्षा 10वीं में 81.05 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, श्रीफल एवं 500 रूपये की सहयोग राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोकुल ध्रुव, पदमन साहू, बैसाखू राम साहू एवं समस्त गायत्री परिवार के बंधु शामिल थे।

### शिक्षक संघ की हुई बैठक



**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की बैठक विभिन्न मुद्दों को लेकर हुई। सर्वप्रथम प्रांत अध्यक्ष ओंकार ठाकुर, संजय ठाकुर ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया साथ ही साथ शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे व्याख्याता प्राचार्य पदोन्नति समय मान वेतनमान आदि बैठक पर विचार विमर्श किया गया कि जुलाई अंत तक पदोन्नति नहीं किया जाता तो अगस्त माह में धरना प्रदर्शन जैसे निर्णय लिए जा सकते हैं बैठक में मुख्य रूप से मुख्य रूप से ओंकार ठाकुर, संजय ठाकुर, रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्र, कांकेर के जिला अध्यक्ष टिकेश ठाकुर, धमतरी जिला अध्यक्ष नवीन चंद्राकर, सुकमा के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र भदोरिया, कोंडागांव के जिला अध्यक्ष निर्मल, बालोद से दिल्ली बार रायपुर जिला अध्यक्ष सुनील नायक, अवध वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**अपराध :** आरोपियों की निशानदेही पर खुदाई करने पर उंगली की हड्डी मिली

# ग्रामीणों में आक्रोश, युवती का हाथ खोजने पुलिस डॉग स्क्वायड आज जाएगा गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

- ग्राम पसौद में युवती की हाथ कटी लाश मिलने का मामला

रविवार को ग्राम पसौद में आरोपियों को लेकर गई पुलिस को कटे हुए हाथ नहीं मिलने से गांव के लोग आक्रोशीत हो गए हैं। ग्रामीणों ने पुलिस डॉग से हाथों को खोजने की मांग की है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन हाय- हाय के नारे लगाये। खुदाई पर अंगुली की हड्डी मिली है। ग्राम पंचायत पसौद में दो माह पहले 26 वर्षीय रोशनी की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। उसकी मौत के बाद मृत युवती के भाई चित्रसेन साहू को पता चला कि ग्राम के 3 युवकों के द्वारा उसकी बहन का कब्र खोदकर उसके हाथों को काटकर उसी के बाड़ी में कहीं पर छिपा दिया गया है। इस मामले की रिपोर्ट फिंगेश्वर थाने में करने पर 15 जून को एसडीएम राजिम के आदेश पर तहसीलदार खोमन ध्रुव के साथ पुलिस बल ग्राम पसौद पहुंची। आरोपियों के बताए गए स्थान पर खुदाई करने पर वहां पर किसी प्रकार का कोई हाथ नहीं मिला। हाथ नहीं मिलने पर गांव के लोगों ने मांग की हाथ कटने एवं कब्र से गायब होने बात सही साबित तब होगी जब मृत रोशनी के कब्र की खुदाई कर उनके शव का निरीक्षण किया जावेगा। उसके बाद एसडीएम से कब्र खोदने का अनुमति लेकर कब्र खोदी गई तो सचमुच में मृत रोशनी के शव से दोनों हाथ गायब मिले।





### सैकड़ों ग्रामीण फिंगेश्वर पहुंचे

सभी ग्रामीणों ने मांग की है कि शव से कटे हाथ को खोजने के लिए पुलिस डॉग की व्यवस्था करें। इधर हाथों के बरामद नहीं होने पर ग्राम के सैकड़ों लोग पुलिस के खिलाफ नारे बाजी करते हुए फिंगेश्वर पहुंच गये थे। आज जिले से पुलिस डॉग के साथ पुलिस ग्राम पसौद पहुंचकर इस मामले की पुनः जांच करेगी।



### एक उंगली मिली है

इस पूरे मामले में गंभीरता से जांच चल रही है। परिजन और ग्रामीणों की मांग पर दूसरे दिन भी कब्र से गायब हाथ और खोपड़ी ढूंढते रहे। इस बीच आरोपियों के बताए अनुसार खेत में तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें एक उंगली मिली हैं।

**-नेहा सिन्हा,**
डीएसपी गरियाबंद

### आरोपी पुलिस को कर रहा गुमराह

जिससे इस बात की पुष्टि हो गई कि सचमुच में शव से हाथ काटे गये थे। इधर पुलिस इस मामले को लेकर आरोपियों से गहन पूछताछ की और 16 जून को ग्राम पसौद फिर में पहुंची। आरोपियों के निशानदेही वाले स्थान पर पुनः खुदाई की गई तो वहां पर एक अंगुली की हड्डी बरामद हुई लेकिन पूरा हाथ गायब रहा। इस बात को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश रहा। ग्रामीणों का कहना था कि आरोपी पुलिस को बार- बार गुमराह कर सही बात को नहीं बता रहे हैं और जहां पर बता रहे है वहां पर दोनों कटे हुए हाथ नहीं मिल रहे हैं।

# आदिवासी ध्रुव समाज का सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

प्रति वर्ष होने वाले आदिवाासी ध्रव गोंड़ समाज की जिला की वार्षिक आमसभा 17 जून को फिंगेश्वर के समीप ग्राम भेण्डरी (जामगांव) में रखी गई है। समाज के प्रांतध्यक्ष पन्नालाल ध्रव एवं संरक्षक नरसिंह मरकाम, जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ध्रव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के वन एवं जलवायु, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के जिलाध्यक्ष पुरनसिंह ठाकुर होंगे तथा विधायक द्वय राजिम विधायक रोहित साहू एवं बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। आमसभा का प्रथम सोपान शाम 04 बजे से कलश यात्रा, इष्टदेव की पूजा अर्चना, अतिथियों का स्वागत, उद्बोधन एवं भोजन प्रसादी के साथ संपन्न होगा। रात्रि 11 बजे से आमसभा के द्वितीय सोपान में सामाजिक सम्मान एवं सामाजिक परिचर्चा होगी। कार्यक्रम में यादराम देवदास सरपंच ग्राम पंचायत भेण्डरी, चुम्मन लाल सिन्हा उपसरपंच ग्राम पंचायत भेण्डरी, मंच संचालक उद्घघोषक खुमान ध्रुव उपस्थित रहेंगे। आमसभा का संचालन खुमान सिंह ध्रुव करेंगे। अंचल के सभी स्वजातीय बंधुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।



- मंत्री केदार कश्यप व विधायक होंगे मुख्य अतिथि

# हाथ पैर से दिव्यांग गंगा का बना आधार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला निवासी 22 वर्षा कुमारी गंगा मरकाम का हरिभूमि में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद शासन- प्रशासन द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनकर आधार कार्ड बनाया गया। गंगा की आधार कार्ड ध्रुव इंटरनेट धनंजय ध्रुव ने उनके घर पर जाकर निशुक्ल बनाया। ज्ञात हो कि गंगा मरकाम को मात्र 350 रुपये पेंशन को छोड़ कर और कोई भी योजनाओं का लाभ से वंचित होना पड रहा था। दिव्याग गंगा के शौच से लेकर तमाम दिनचर्या के काम गंगा की मां के भरोसे होते हैं, कुमारी गंगा पिता गोविंद मरकाम बचपन से दो हाथ - दो पैर पूरी तरह से विकलांगता ग्रसित है। लेकिन आज तक सरकार की योजना का लाभ इन तक पहुंचने में असफल रहा, मालूम हो कि आधार कार्ड के बिना इनका राशन कार्ड भी नहीं बन पाया था। गंगा की मां सोनकुंवर को माह में मात्र 10 किलो चावल मिलता हैं, और 10 किलो चावल दोनों मां बेटी की जिंदगी चल रही हैं। सोनकुंवर की स्थिति इतनी गंभीर है कि गंगा के लिए कुछ भी सोचना मानो सपने जैसे हैं। गंगा की मां भी बुजुर्ग हो गई है, उनकी आर्थिक स्थिति इतनी भी मजबूत नहीं है कि ब्लाक मुख्यालय तक कुमारी गंगा पहुंच सके। अधिकारी की बात कर या अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी पीड़ा सुना सके। गंगा का भरण पोषण खुद उसकी माँ कर रही है।



## दुल्ला में गायत्री महायज्ञ ...



छुरा। ग्राम दुल्ला में ग्रामवासियों एवं प्रज्ञा मंडल के सदस्यों के सहयोग से गंगा दशहरा पर्व एवं मां गायत्री जयंती मनाया गया। इस अवसर पर पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम को सफल संचालन के लिए कपालफोडी से प्रज्ञा भजन मंडली की प्रस्तुती सराहनीय रही। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य केसरी नोहर ध्रुव, नीरा चन्द्राकर, उषा चन्द्राकर, गीता चन्द्राकर, तुलसी साहु, देवाराम साहु, मालिक राम , केशराम चन्द्राकर, उदयभानु चन्द्राकर, रसेला से ठाकुर राम यादव, जगत राम यादव, सारा गांव से धनेश दीवान, आसपास की महिलाएं व पुरुष सम्मिलित हुए।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम खरोरा में एक बाइक चालक ने दूसरी बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे एक युवक घायल हो गया। पुलिस को उकेश कुमार साहू पिता बुधारूराम साहू (38 साल) निवासी बरोंडाबाजार ने पुलिस को बताया कि एनएच 353 शहीद स्मारक के पास खरोरा में आरोपी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएस 3573 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसके बाइक सीजी 04, केजेड 3376 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे चोटें आई है।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

सांसद बनने के बाद पहली बार पहुंचे

# नवापारा में बृजमोहन का आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के रायपुर लोकसभा क्षेत्र से करीबन 5.75 लाख वोटो से जीत दर्ज करने वाले नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल शनिवार की देर रात शहर पहुंचे। यहां बस स्टेण्ड के पास पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शहरवासियों ने आतिशबाजी करते हुए आत्मीय स्वागत किया। एक तरह से स्वागत करने के लिए जनसैलाब उमड़ा हुआ था। लोगों में होड़ मची हुई थी। चौक में पहुंचते ही वे खुली गाड़ी से नीचे उतरे और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। उनके साथ अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज गाड़ी में सवार थे। स्वागत के दौरान ही पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू भी पहुंच गए थे। यहां से श्री अग्रवाल का काफिला आभार व्यक्त करने के लिए शहर के सदर और गंज मार्ग में निकला। रास्ते भर फूलों की माला और गुलाब की पंखुड़ियों से अग्रवाल का शहरवासियों ने स्वागत किया। शहर के कई चौक-चौराहो में शुभचिंतक पंडाल लगाए हुए थे। हर जगह फुलों की वर्षा हो रही थी। आरती सजाकर नारियल लेकर महिलाएं खड़ी थी। शहर के हर चौक में स्वागत करने के लिए लोग खड़े हुए थे। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नवापारा से शानदार लीड पर प्रसन्नता जाहिर किया और शहरवासियो के प्रति आभार व्यक्त किया। काफिला में भाजपा कार्यकर्ता, भाजयुमो कार्यकर्ता, महिला मोर्चा की बहने शामिल थी।





### आबकारी अधिकारियों एवं उपनिरीक्षकों के वर्तमान प्रभार में आंशिक संशोधन

**महासमुंद।** जिले में आबकारी राजस्व की सुरक्षा, उपलंभन कार्य, आबकारी अपराधों के नियंत्रण एवं प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से सहायक जिला आबकारी अधिकारियों एवं आबकारी उप निरीक्षकों के वर्तमान प्रभार में आंशिक संशोधन करते हुए आबकारी वृत्तों, मदिरा दुकानों एवं आबकारी जांच चौकिया से संबंधित प्रभार के कार्य संपादन के लिए आगामी आदेश पर्यंत तक अधिकारियों की नवीन पदस्थापना की गई है। जिसमें शिव शंकर नेताम आबकारी उप निरीक्षक को मद्य भांडागार महासमुंद, दरस राम सोनी आबकारी उप निरीक्षक को वृत्त सरायपाली, आबकारी जांच चौकी खम्हारपाली तथा हृदय कुमार तिरपुड़े आबकारी उप निरीक्षक को वृत्त महासमुंद आंतरिक का प्रभार सौंपा गया है। महासमुंद जिले में समस्त वृत्त प्रभारी अधिकारी अपने वृत प्रभाव क्षेत्र के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड रायपुर द्वारा संचालित मदिरा दुकानों के प्रभारी अधिकारी रहेंगे तथा समय-समय पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंप गए कार्यों का संपादन करेंगे।

शरद कम्प्यूटर एजुकेशन
• DCA • PGDCA • TALLY PRIME
• ERP9 With GST Taxation • Ms Office
• फोटोशॉप • पेजमेकर • कोरल • सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण
Skill Training Partner
शरद कम्प्यूटर एजुकेशन राजिम
पता: रानी धर्मशाला परिसर राजिम
शरद पारकर मो. 98264-96073

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के अफसरों के साथ प्रधानमंत्री बुधवार को वर्चुअल चर्चा करेंगे

**रायपुर।** सिकलसेल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को छत्तीसगढ़ के सिकलसेल मरीजों के अलावा अफसरों से वर्चुअल चर्चा करेंगे। इसके लिए राज्य के अफसरों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आदिम जाति विकास विभाग के अफसरों के मुताबिक बस्तर, बलरामपुर-रामानुजगंज एवं रायपुर में टू-वे-कनेक्टिविटी की व्यवस्था करने तथा शेष जिलों में वन-वे-नेटवर्क कनेक्टिविटी से जुड़े रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी जिलों के कलेक्टर, सहायक आयुक्तों एवं परियोजना प्रशासकों को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में सिकलसेल के लिए राष्ट्रीय स्तर का रिसर्च सेंटर प्रारंभ करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं।

### इंदिरा सिंह के निधन पर रमन, भूपेश, महंत और बैज ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** सरगुजा राज परिवार की इंदिरा सिंह (बेबीराज) के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दे तथा इस



दुख की घड़ी में परिवारजनों को सहनशक्ति एवं पूण्य आत्मा को शांति प्रदान करे। उनके निधन पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने ट्विट कर लिखा कि 'अभी बेहद दुखद सूचना प्राप्त हुई है। सरगुजा राजपरिवार की इंदिरा सिंह का देहांत हो गया है। वो लंबे समय से गंभीर बीमारी से संघर्ष कर रही थीं। हम सब उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हैं। इस दुःख की घड़ी में सिंहदेव परिवार के साथ हम सब हैं। यह हमारी पारिवारिक क्षति भी है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अंबिकापुर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर दिवंगत इंदिरा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं कहा कि हम सभी दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ हैं । रमन ने जताया दुख विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ट्विट कर दुख जताते हुए कहा, सरगुजा राजपरिवार की इंदिरा सिंह के देहांत के समाचार से मन अत्यंत दुःखी है। पिछले 6 महीनों से कैंसर से जूझते हुए आज उन्होंने अंतिम सांस ली, मैं श्रीहरि से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। इस दुःखद समय में टीएस सिंहदेव और सभी शोकाकुल परिजनों के प्रति मैं संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

### नीट की परीक्षा रद्द कर फिर से कराई जाये : कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, नीट परीक्षा कांड के बारे में भाजपा नेताओं की बोलती क्यों बंद है? छत्तीसगढ़ पीएससी में भाजपा के बिना तथ्य गड़बड़ी के आरोप पर सीबीआई जांच कराने की घोषणा की गई। नीट परीक्षा की सीबीआई जांच क्यों नहीं करवाई जा रही है? भाजपा की मोदी सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण देश के 25 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं का भरोसा नीट से उठ गया है।

**मुख्यमंत्री ने कहा-** हर घर में पाइपलाइन से पानी पहुंचाने मिशन के कार्य में लाएं तेजी

# जल जीवन मिशन के तहत राज्य के 39 लाख घरों में पहुंच रहा है नल का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभागों के काम में कसावट लाने समीक्षा बैठक ले रहे हैं। उन्होंने शनिवार को लगातार तीसरे दिन अलग-अलग विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने पीएचई विभाग की बैठक में बरसात के दिनों में प्रदेश में स्वच्छ पेयजल के लिए पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं के मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। जल जीवन मिशन के तहत राज्य के 39.14 लाख घरों में नल का पानी पहुंच रहा है। अब तक इसके तहत 78 प्रतिशत कार्य पूरे हो गए हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाते हुए राज्य के हर घर में पाइपलाइन के जरिए शुद्ध पेयजल पहुंचाने का शत-प्रतिशत लक्ष्य जल्द हासिल करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में कहा, आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए शुद्ध पेयजल के लिए जलापूर्ति व्यवस्था के आवश्यक रखरखाव और मरम्मत का कार्य पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांवों में नियुक्त किए जाने वाले नल जल मित्रों का प्रशिक्षण कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से यथाशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, विभाग में तकनीकी अमला बढ़ाने के लिए नई भर्तियों के प्रस्ताव भी शीघ्र भेजें। मुख्यमंत्री ने खारे पानी, भू-जल में भारी तत्वों की मौजूदगी और जल स्तर के ज्यादा नीचे चले जाने की समस्या से जूझ रहे गांवों के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित किए जा रहे 71 मल्टी-विलेज योजनाओं का काम तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे उन गांवों में यथाशीघ्र साफ पेयजल पहुंच सके। बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मुख्य सचिव अमिताभ जैन तथा मुख्यमंत्री सचिवालय, जल जीवन मिशन और विभागीय अधिकारियों के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की।



**राज्य मद से स्वीकृत की जाएं मल्टी विलेज योजनाएं : साव**

उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए संचालन-संधारण नीति जल्द तैयार करने की जरूरत बताई। उन्होंने जलस्रोतों को रीचार्ज करने मनरेगा के माध्यम से आवश्यक संरचनाओं के निर्माण पर जोर दिया। ऐसे गांवों में जहां पेयजल आपूर्ति के लिए भू-जल स्रोत नहीं मिल रहे हैं, उन गांवों के लिए नई मल्टी-विलेज योजनाएं राज्य मद से स्वीकृत करने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया। उन्होंने सुझाव दिया कि इसके लिए सीएसआर या डीएमएफ फंड से राशि की व्यवस्था की जा सकती है। उन्होंने तेजी से नए नलकूपों के खनन के लिए विभाग में नई ड्रिलिंग मशीनें खरीदने की जरूरत भी बताई।

**जलजीवन मिशन के तहत 78 प्रतिशत काम पूरे**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने बैठक में बताया कि प्रदेश में अब तक 39 लाख 14 हजार से अधिक घरों में पाइपलाइन के जरिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाया जा चुका है। जल जीवन मिशन के तहत अब तक 78 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य को हासिल किया जा चुका है। राज्य के 3356 गांवों में शत-प्रतिशत, 5093 गांवों में 90 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तथा 3153 गांवों में 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत घरों में नल का पानी पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि गांवों में पंचायतों द्वारा जलापूर्ति व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए नल जल मित्र की नियुक्ति की जाएगी।

**पेयजल संबंधी शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर**

उन्होंने बैठक में बरसात के दिनों में प्रदेश में स्वच्छ पेयजल के लिए पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए पीएचई विभाग के टोल-फ्री नम्बर 1800-233-0008 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा।

## आरंग, नयापारा, अभनपुर केंद्री में जनता के बीच पहुंचे सांसद बृजमोहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कहा- भाजपा की जीत मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन पर जनता की मोहर

*लोकसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को आरंग, नयापारा, अभनपुर, केंद्री में विजय आभार रैली निकाली। इस रैली में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। आमजन के साथ ही विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों ने जगह-जगह सांसद का भव्य स्वागत किया। लोगों ने आतिशबाजी और पुष्प वर्षा की। कई स्थानों पर उनको फलों और लड्डुओं से तौला गया। श्री अग्रवाल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, लोकसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत जनता के प्यार और आशीर्वाद का परिणाम है। यह मोदी जी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का नतीजा है, जिस पर क्षेत्र की जनता ने मोहर लगाई और एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड मतों से जीत दिलाई है। यह जनता के विश्वास का ही परिणाम है कि इस जीत ने रायपुर का नाम देश भर में रोशन किया है। श्री अग्रवाल ने अपनी जीत का श्रेय भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं को भी दिया। उन्होंने कहा, कार्यकर्ताओं की लगन और कठिन परिश्रम के कारण ही आज रायपुर की जीत देश की 10 सबसे बड़ी जीतों में शामिल हो सकी।*

## बारिश का इंतजार...



**महासमुंद।** जिले में नवतपा के बाद तेज धूप और भीषण गर्मी पड़ रही है। रविवार की सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। और हल्की बूंदाबादी भी हुई। बारिश के साथ उमस बढ़ने से लोग परेशान रहे। लोगों को अब अच्छी बारिश का इंतजार है।

## दो पक्षों के बीच मारपीट, सानपंधी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम सानपंधी में दो पक्षों के बीच मारपीट होने की घटना हुई है। दोनों पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ सरायपाली थाने में रिपोर्ट लिखाई है। पहले पक्ष के फगुलाल पटेल पिता तिलकराम पटेल निवासी जोगनीपाली ने पुलिस को बताया कि मेरी पुत्री बबीता पटेल की शादी वर्ष 2023 में हेमसागर पटेल पिता सोहनलाल पटेल (32 वर्ष) निवासी सानपंधी के साथ हुई है। 14 जून को करीब शाम 3.30 बजे मैं अपनी बेटी एवं नाती को देखने ग्राम सानपंधी गया था। इसी बीच बबीता की सास रंजना पटेल ने पुत्र हेमसागर पटेल को फोन करके मेरे आने के बारे में जानकारी दी। तब हेमसागर द्वारा बबीता को फोन कर अपने बाप को बुलाए हो कहते हुए गालियां देते हुए तेरा हाथ पैर आकर तोड़ दूंगा कहने लगा। इसके बाद मैं वापस आ रहा था। तभी बबीता ने मुझे फोन करके कहा कि मेरे पति वापस आने वाले है, आपको घर में रूकने कहा है। तब मैं बबीता के घर वापस आ गया, थोडी देर बाद मेरा दामाद हेमसागर पटेल आया और मुझे क्यों अपने बेटी को लेने आए हो कहकर मेरे साथ जोर-जोर से चिल्लाकर बहस करते हुए मेरी बेटी के हाथ को मरोड़ने लगा। जब मैने मना किया तो वह अपने पिता सोहनलाल पटेल के साथ मिलकर मेरे साथ मारपीट करने लगा। जिससे मेरे सिर,दाहिने हाथ, अंगुली, गर्दन में चोट लगी है। वहीं मेरी बेटी बबीता द्वारा बीच बचाव करने पर आरोपी हेमसागर पटेल, सोहन पटेल एवं रंजना पटेल द्वारा तीनों मिलकर मारपीट करने लगे और बबीता के गले को रंजना पटेल दबा रही थी। इसके बाद गाली और जान से मारने की धमकी देकर मुझे एवं मेरी बेटी को धक्का देकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

दूसरी ओर सोहनलाल पटेल पिता गुरुचरण पटेल ने ग्राम सानपंधी ने पुलिस को बताया कि 14 जून को शाम करीब 3:30 बजे मेरा समधी फगुलाल पटेल निवासी ग्राम जोगनीपाली मेरे घर अपने बेटी एवं नाती को देखने आया था।

## भूपेश ने बलौदाबाजार की घटना पर उठाए नौ सवाल

**कहा- इनके जवाब आ जाएं तो पूरा मामला साफ हो जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बलौदाबाजार की घटना को लेकर नौ सवाल उठाते हुए कहा, इनके जवाब आ जाएं तो पूरा मामला साफ हो जाएगा। घटना से आम आदमी डरा सहमा हुआ है, उनका सरकार पर से भरोसा उठ गया है।

उन्होंने कुछ सावल उठाते हुए कहा, पूरे आंदोलन में भाजपा जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े और अन्य भाजपा नेताओं की भूमिका क्या थी। धरना प्रदर्शन को कलेक्टर से परमिशन दिलाने वाला कौन था? रैली में आने वाले लोगों के लिये भोजन, मंच, पंडाल, माइक के लिए रुपयों की व्यवस्था किसने की? घटना के बाद भड़काऊ भाषण देने वाले भीम आर्मी के लोगों की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? नागपुर से 250 से अधिक लोग आये, वो कौन थे? उन पर नजर क्यों नहीं रखी थी? भीड़ में लोग लाठी, डंडा लेकर आये थे, उनको रोका क्यों नहीं गया? रैली की शुरुआत से ही उपद्रव शुरू हो गया था, उसके बावजूद लोगों को कलेक्टोरेट क्यों जाने दिया गया? रोकने की कोशिश क्यों नहीं हुई? आम जनता के वाहन जलाये जा रहे थे, लोगों को दौड़ा कर पीटा जा रहा था, तब पुलिस कहां थी? एसपी किसके इशारे पर शांत बैठे थे? घटना को रोकने के बजाय पलायन क्यों कर गये?

**आम आदमी को बनाया गया निशाना**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, बलौदाबाजार के घटनाक्रम ने छत्तीसगढ़ को कलंकित करने का काम किया है। घटना में आम आदमी को निशाना बनाया गया है। नागरिकों को भयमुक्त वातावरण देने कानून व्यवस्था बनाये रखने की जवाबदारी सरकार की है।

## बैज बोले- 6 माह में छत्तीसगढ़ बदहाल

**कानून व्यवस्था की स्थिति खराब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मंत्रियों के विभागों की समीक्षा के बजाय अपनी पूरी सरकार का आत्म अवलोकन करना चाहिये। 6 माह में भाजपा की पूरी सरकार ही विफल साबित हुई है, सिर्फ मंत्रियों के विभागों की समीक्षा से कुछ हासिल नहीं होने वाला है। पूरी सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हो चुकी है।

उन्होंने कहा, राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। साय सरकार के 6 माह में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। उन्होंने कहा, हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। गोतस्करी की घटनाएं शुरू हो गयीं। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयीं। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। नक्सली घटनायें बढ़ गयीं, सरकार ने 6 माह में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाई। उन्होंने कहा, सरकार ने व्यापारियों का भयादोहन शुरू कर दिया, जीएसटी के छापे मारे जा रहे। जमीनों के खसरा लॉक कराया जा रहा, नामांतरण बटांकन रजिस्ट्री रोक कर जमीन व्यापारियों से वसूली की जा रही। पांच सौ रुपया में रसोई गैस सिलेंडर, छात्रों को स्कूल कॉलेज जाने भत्ता, 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती, कृषि भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रुपए सालाना देने का वादा भूल गये।

## खाद्य अधिकारी राशन दुकानों के घोषणापत्र में दर्ज खाद्यान्न की जांच 30 तक पूरी करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- खाद्य मंत्री बघेल ने बैठक लेकर कहा- गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई

खाद्य विभाग की राशन दुकानों से 600 करोड़ का राशन गायब होने के मामले में विधानसभा की जांच समिति गठित होने के बाद खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने खाद्य अधिकारियों को राशन दुकानों के घोषणापत्र में दिखाए गए खाद्यान्न की जांच 30 जून तक पूरी करके देने के निर्देश दिए। पीडीएस का जिम्मा संभालने वाले अधिकारियों को मंत्री ने कहा, पीडीएस में घोटाले में संलिप्त पाए जाने वालों पर कार्रवाई होगी। मंत्री ने खाद्य विभाग, नान और मार्कफेड के अधिकारियो की बैठक ली।



प्रदेश की तेरह हजार राशन दुकानों में से पांच हजार राशन दुकान ऐसी हैं, जिनमें 600 करोड़ का राशन गायब है। घोटाले के लिए संचालनालय खाद्य के एक अधिकारी को जिम्मेदार माना जा है। मामले में अपने आप को बचाने के लिए राशन दुकानों में बाजार से राशन सामग्री खरीद कर रखवाने के लिए अधिकारियों को जूम कांफ्रेंसिंग के जरिए आदेश दिए गए थे। दुर्ग, कांकेर, बालोद जिले में अनेक राशन दुकानदारों ने शपथपत्र बना कर रखा है, जिसमें उनके द्वारा जानकारी दी गई है कि उन्होंने बाकायदा खाद्य विभाग के माध्यम से अपना कोटा कटवाने का आवेदन किया था। डेढ़ हजार से अधिक राशन दुकानों का आवेदन संचालनालय में पड़ा रहा, लेकिन कार्यवाही किए जाने के बजाय अपर संचालक ने कोटा जारी करवाया।

**किया गया फर्जी भंडारण**

प्रदेश के हजारों राशन दुकानदारों का कहना है कि नागरिक आपूर्ति निगम और ट्रांसपोर्टर द्वारा फर्जी भंडारण किया गया है। इसकी पुष्टि नागरिक आपूर्ति निगम में जमा पावती की जांच में सामने आएगी। प्रदेश राशन दुकान संचालक एसोसिएशन ने विधानसभा जांच समिति के सभापति से मिलकर जांच में राशन दुकान संचालक संघ के अध्यक्ष को भी बुलाने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक वितरण की एंट्री नहीं कर दी जाती थी, तब तक कोटा जारी नहीं होता था। ऐसे में फरवरी 2022 के घोषणापत्र को रीस्टोर किया जाकर निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

**मुख्यमंत्री साय एवं सचिव दयानंद ने सराहा**

## देवभोग के घने जंगल में खतरों से जूझते हुए खराबी खोजकर 179 गांवों को किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून के पहले आए आंधी तूफान से बाधित हुई विद्युत आपूर्ति को सुधारने के लिए प्रदेशभर में बिजली कर्मी जी-जान लगाकर जुटे हुए हैं। राजधानी से 250 किलोमीटर दूर देवभोग के घने जंगल में आंधी तूफान के कारण पेड़ गिरने से बिजली तार टूट गए, जिसे विद्युत अमले ने त्वरित गति से कार्य करते हुए आधी रात को ही सुधारकर उपभोक्ताओं तक विद्युत आपूर्ति बहाल की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनसेवा के कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मौसम की चुनौतियों का सामना कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने वाले विद्युतकर्मियों की सराहना की है। पॉवर कंपनी के अध्यक्ष पी. दयानंद ने भी कर्मियों के साहस और समर्पण की प्रशंसा की और उन्हें इसके लिए बधाई दी, वहीं धैर्य रखने के लिए आम जनता को धन्यवाद प्रेषित किया है। रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के



कार्यपालक निदेशक संदीप वर्मा ने बताया तेज आंधी तूफान और बारिश के कारण 33 केवी देवभोग फीडर लाइन फॉल्ट(बंद) हो गई। जिसे शीघ्र ही देवभोग के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा पेट्रोलिंग कार्य प्रारंभ किया गया। घने व लंबी दूरी तक के जंगल, सीमित मानव संसाधनों, हाथी व नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद विद्युत कर्मियों ने रात में ही पेट्रोलिंग कार्य जारी रखा। कार्यपालन अभियंता गरियाबंद ने अधिकारियों-कर्मचारियों को सुरक्षित रहते हुए, सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए तथा सुधार कार्यों की निरंतर जानकारी लेते रहे। कार्यपालक निदेशक श्री वर्मा फोन पर व वाट्सएपप संदेश के माध्यम से विद्युत बहाली हेतु रात्रि में जारी विद्युत कर्मियों के लगातार संपर्क में रहे। विद्युत कर्मचारियों द्वारा नक्सल प्रभावित व हिंसक वन्य प्राणियों की मौजूदगी वाला क्षेत्र होने के बाद भी गाड़ियों और पैदल पेट्रोलिंग करते हुए, घुप्प अंधेरे में टार्च की रोशनी तथा बरसते पानी के बीच लगातार अपनी जान की परवाह किये बगैर सुधार कार्य जारी रखा। रात 10.43 बजे नाला एबी स्विच के पास पहला फाल्ट, रात 10.51 बजे बुडगेलटप्पा के पास दूसरा फाल्ट इसी प्रकार धुरवागुड़ी नाला एबी स्विच के पास रात 12.22 बजे तीसरा फाल्ट मिला। लाइनों में गिरे पेड़ों और पेड़ों की डालियों को काटकर लाइनों से अलग किया गया।

**वर्ष 2018 बैच के हैं छात्र, मार्च में इंटर्नशिप पूरा कर चुके**

## स्वास्थ्य केंद्रों में कमी, आठ सौ डाक्टर कर रहे बांड पोस्टिंग का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टरों की कमी है और दूसरी ओर करीब आठ सौ चिकित्सा अधिकारी बांड पोस्टिंग का इंतजार कर रहे हैं। सभी वर्ष 2018 बैच के छात्र हैं और मार्च में इंटर्नशिप पूरा कर चुके हैं। आचार संहिता की वजह से आदेश लटक गया था, जिसे शीघ्र जारी करने चिकित्सकों के संगठन ने ज्ञापन सौंपा है।

राज्य के लोगों को प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हमर क्लीनिक, हमर अस्पताल के साथ जन आरोग्य आयुष्मान मंदिर का संचालन किया जा रहा है। इन हेल्थ सेंटरों में एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है। बताया जाता है कि पूर्व में जिन चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती की गई थी, उनमें कइयों की बांड अवधि पूरी हो चुकी है अथवा कई पीजी सहित अन्य पढ़ाई के लिए अध्ययन अवकाश पर जा चुके हैं। इसकी वजह से स्वास्थ्यों केंद्र चिकित्सक विहीन हो चुके हैं। आठ सौ चिकित्सा अधिकारयों को अनुबंध सेवा के तहत पोस्टिंग दिए जाने से इस समस्या का समाधान हो सकता है। सूत्रों के अनुसार वर्ष 2018 बैच के सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले छात्रों ने इंटर्नशिप पूरा कर लिया है, मगर उनकी बांड पोस्टिंग नहीं हो पाई है। मार्च में इंटर्नशिप के बाद आचार संहिता लगने की वजह से इनकी नियुक्ति नहीं हो पाई थी। यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर नियुक्ति आदेश जारी करने के मांग की है।

**तो जा सकते हैं न्यायालय**

सूत्रों का कहना है कि पढ़ाई पूरी होने के छह माह के भीतर चिकित्सा विशेषज्ञ अथवा चिकित्सा अधिकारियों को अनुबंध सेवा में पोस्टिंग देना आवश्यक होता है। ऐसा नहीं होने पर इसे बांड शर्तों का उल्लघंन माना जाता है। नियम का पालन नहीं होने के मामले में संबंधित चिकित्सक बांड राशि वापस लेने न्यायालय की शरण में जा सकते हैं।

खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाया गया गंगा दशहरा का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा की महिलाओं ने गंगा दशहरा पर्व पर तालाब में मां गंगा की पूजा अर्चना की। इसमें उतरा, अरुण, सुहातनी, देवकी, माधुरी, सरोज, ममता, दुर्गा, मोनिका, टीना, प्रियंका ने कहा कि हिंदू धर्म में मां गंगा को मोक्षदायिनी के नाम से जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो व्यक्ति मां गंगा में स्नान करता है, उन्हें सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। बता दें कि धर्म शास्त्रों में यह बताया गया है कि ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। मान्यता है कि इस विशेष दिन पर मां गंगा की उपासना करने से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। और जीवन में आ रही कई प्रकार की समस्याएं दूर हो जाती है। इस साल मां गंगा दशहरा 16 जून को मनाया गया।

### गायत्री मंदिर में हुए पांच कुंडीय महायज्ञ व विभिन्न संस्कार

**महासमुंद।** गायत्री शक्तिपीठ द्वारा गायत्री जयंती पर्व के साथ-साथ पारिवारिक सम्मेलन का आयोजन 16 जून को गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद में किया गया। जिसमें प्रातः 5 से 8 बजे तक साधना, प्रातः 9 से 12 बजे तक पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार निःशुल्क संपन्न हुए। यज्ञ का संचालन महिला मंडल ने किया। दोपहर एक बजे से पर्व पूजन एवं गंगा आरती के बाद भोजन प्रसाद का वितरण हुआ। दोपहर 3 से गायत्री परिवार का पारिवारिक सम्मेलन प्रारंभ हुआ। गायत्री परिजनों ने अपने और परिवार का परिचय दिया। पश्चात साहित्यिक एवं खेल गतिविधियां आयोजित की गई। साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। जिसमें धार्मिक और सांस्कृतिक प्रश्न पूछे गए। उपस्थितजनों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता समूह में भाग लिया। प्रतियोगिता में समूह क्रमांक 3 मनोरमा साहू की टीम को प्रथम एवं समूह क्रमांक 4 दुलारी चंद्राकर की टीम को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। गुब्बारा फुलाओ प्रतियोगिता में प्रथम जलव्य साहू, मोमबत्ती जलाओ प्रतियोगिता में प्रथम निशा चंद्राकर रहे।

विडंबना : नया शिक्षा सत्र से पहले स्कूल भवनों का मरम्मत करना मुश्किल

# मैनपुर ब्लॉक के दर्जनों स्कूल भवन जर्जर, जान जोखिम में डालकर नौनिहाल फिर करेंगे पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शिक्षा के क्षेत्र में राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा करोड़ों रूपये पानी की तरह खर्च किया जा रहा है जिससे देश के भावी भविष्य का जीवन उज्जवल हो सके और सरकारी स्कूलों में हर तरह की जरूरी संसाधन मुहैया कराया जा रहा है लेकिन जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर ब्लॉक में बदहाल शिक्षा व्यवस्था की हालत किसी से छिपा नहीं है। शिक्षा व्यवस्था की हालत दिन ब दिन इस क्षेत्र में इतना खराब होता जा रहा है कि सुधार की कोई गुंजाईश ही नजर नहीं आ रही है और तो और शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अफसरों को सबकुछ जानकारी होने के बाद भी समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं किया जा रहा है जबकि नया शिक्षा सत्र 26 जून से प्रारंभ किया जाना है। मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में नया शिक्षा प्रारंभ होते ही फिर आदिवासी क्षेत्र के हजारों नवनिहाल अपने सुनहरे भविष्य गढ़ने जर्जर स्कूलों में पढ़ाई करने पहुंचेंगे।

#### 20 स्कूल भवन बेहद जर्जर, दुर्घटना का अंदेशा

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक शाला पानीगांव, नहरपारा, भाठापानी, कुरलापारा, बुरजाबहाल, धौराझोला, कोयबा, अनेसर, खुडबुड़ी, दरलीपारा, देवडोंगर, आड़पाथर, मोंगराडीह, लेड़ीबहार, खोलापारा, फरसरा एवं माध्यमिक शाला भाटापानी, कुरलापारा, बम्हनीझोला, आश्रम शाला बड़े गोबरा भवन की हालत बेहद जर्जर हो गई है और इन भवनों मे बारिश के दिनों में पानी झरने की तरह कमरे के भीतर रिसता है साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं के पुस्तक कापी, गणवेश भीग जाता है कई बार तो अत्यधिक बारिश होने पर इन स्कूलों के बच्चों को छुट्टी देना पड़ता है ग्रामीणों ने कई बार इन जर्जर स्कूलों के मरम्मत के लिए शिक्षा विभाग के साथ संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर थक चुके है लेकिन अब तक समस्या का समाधान हुआ और न ही स्कूल भवन की मरम्मत हुई।







#### मरम्मत कि जाएगी

गरियाबंद जिला शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार सरावत ने बताया कि मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के सभी जर्जर स्कूलों की जानकारी उच्च स्तर पर भेजा जा चुका है और जहां स्कूल भवन बेहद जर्जर है उसका जल्द मरम्मत करवाया जायेगा।

-आनंद कुमार ,जिला शिक्षा अधिकारी

#### पेड़ के नीचे स्कूल का संचालन

पहाड़ी ऊपर बसे ग्राम कुर्वापानी, भालूडिग्गी, ताराझर, मटाल मे स्कूल संचालन के लिए लाखों रूपये भवन निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ लेकिन आजतक भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ जिसके कारण अधिकांश पहाड़ी के ऊपर के गांव की स्कूल या तो पेड़ के नीचे संचालित हो रही है या फिर रसोईया तथा शाला समिति अध्यक्ष के झोपड़ी में संचालित किया जा रहा है। इन स्कूलों के निरीक्षण में कभी विभाग के जिला स्तर के अधिकारी तो बहुत दूर की बात स्थानीय अधिकारी भी नहीं पहुंचते और विभाग को सही जानकारी भी नहीं दे पाते।

#### 32 स्कूल अन्य भवनों में हो रही हैं संचालित

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के 32 ऐसे स्कूल है जिसका भवन बहुत ज्यादा जर्जर हो जाने के कारण पिछले 2–3 वर्षों से अपने मूल शाला भवन को छोड़ अन्यंत्र सामुदायिक भवन या किसी के घर तथा आंगनबाड़ी मे संचालित हो रहा है प्राथमिक शाला चचरापारा, बिरीघाट, कोदोमाली, बंदपारा, धनोरा, डुमाघाट, बाहरापारा, सागड़ा, ताराझर, कुर्वापानी, भालुडिग्गी, मटाल, गवरमुड़, भाताडिग्गी, फरसरा, सोरीपारा, सरईपानी, केन्दूपाटी, गोढ़ियारी, साल्हेभाठा, मुड़ापारा, मोतीपारा, माध्यमिक शाला कुहीमाल, सागड़ा, कुल्हाड़ीघाट, झरगांव, लाटापारा, आदिवासी कन्या आश्रम साहेबिनकछार यह स्कूल आंगनबाड़ी, संकुल केन्द्र भवन, ग्राम पंचायत भवन, —षि विभाग भवन, पशु चिकित्सालय भवन, रसोई के मकान मे संचालित किया जा रहा है।

## सांसद रूपकुमारी के प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



महासमुंद लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी का प्रथम बागबाहरा आगमन पर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम नगर आगमन होते ही श्रमिक जनकल्याण समिति के सदस्यों द्वारा गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। ततपश्चात काफिला बागबाहरा नगर के झलप चौक पहुंचा। जहां डीजे के साथ आकर्षक आतिशबाजी कर पुष्प माला और गुलदस्ता भेंटकर सर्वप्रथम मण्डल अध्यक्ष प्रेम साहू ने स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से स्वागत किए। बाद दुर्गा मंदिर पहुंचने पर पूजा अर्चना की। दुर्गा मंदिर में मंदिर चलो समिति द्वारा रामचंद्र और मां दुर्गा का जयघोष करते हुए भव्य रूप से स्वागत किया। पुलिस थाना के पास पहुंचने पर सांसद को अघरिया समाज द्वारा फलों से तौलकर अभिनंदन किया गया। फिर से मेन रोड में नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए स्टेशन चौक पहुंचे, वहां कार्यकर्ताओं द्वारा आकर्षक आतिशबाजी किया। राइस मिल एसोसिएशन द्वारा स्वागत किया गया और फलों से तौलकर मिठाई बांटी गई। गुरुद्वारा चौक के पास सांसद ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और आभार के बाद स्वागत समारोह का समापन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायकगण प्रीतम सिंह दीवान, परेश बागबाहरा, मंडल अध्यक्षगण बागबाहरा शहर प्रेम साहू, खल्लारी मंडल धरम दीवान, पिथौरा ग्रामीण प्रितम साहू, बागबाहरा ग्रामीण पिलेश्वर पटेल, जनपद अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य पूर्व विधायक प्रत्याशी अल्का नरेश चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष भेखलाल साहू, मोनिका साहू, शंकर तांडी, डेविड साहू, देवलाल चक्रधारी, जनक नायक, कार्तिक पटेल आदि मौजूद रहे।

## आजीविका पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोक आस्था सेवा संस्थान द्वारा वोमेनिटी के सहयोग से हॉटल सिटी रेजेंसी में महिला मुखियाओं का आजीविका पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें कार्यशाला की शुरुआत करते हुये संस्था सचिव लता नेताम द्वारा बताया गया की हम संगवारी महिला मंच के दीदियों के साथ खेती और वनोपज के रूप में आजीविका करते ही आ रहे हैं। लेकिन हम खेती को भी उन्नत कैसे बनाए और अपने आय को कैसे बढ़ाएं तकनीकी कृषि को कैसे अपनाए इसके बारे में विस्तार से बताया गया। अलग- अलग फसल जिससे हमारी आय में वृद्धि हो सके पशुपालन पालन और शासकीय योजनाओं से आजीविका की शुरुवात कर सकते है जिससे की महिलाए भी समाज में सशक्त बन सके। और अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत कर प्रगति कर सके उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर सके। इसके बाद विहान समूह एनआरएलएम से आए जुब्रियल जान जी ने बताया की आजीविका क्या है आजीविका का साधन क्या क्या है कृषि सबंधित आजीविका और गैर कृषि सबंधित आजीविका क्या है कृषि सबंधित आजीविका में आप कृषि को उन्नत बीज, उर्वरक और अन्य फसल जिससे ज्यादा से ज्यादा आय बढ़े इसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। गैर कृषि आजीविका के बारे में बताया की लीज्जत कंपनी अपनी ब्रांड से पापड़ और बड़ी बेच रहे है जिसे सभी लोग खरीदते है उसी प्रकार से रखिया से बड़ी बनाकर ब्रांडिंग के साथ बेचा जा सकता है। इस प्रकार की आजीविका को शुरू कर अपनी आय बढ़ाए और एक नया ब्रांड के रूप में गरियाबंद जिला का अलग पहचान बनाए इसके बाद जान जी ने बताया की किसी भी आजीविका को शुरू करने से पहले हमे उसकी गतिविधि क्या हो सकती रणनीति बनाकर कर शुरू करना चाहिए। एलईडी बल्ब हो या जीमीकांदा का अचार, अगरबत्ती, पापड़ ये सब गैर कृषि आजीविका का स्त्रोत हो सकता है। बाजार में जिस वस्तु की ज्यादा मांग हो उसे लेकर आजीविका के रूप में शुरू करना चाहिए। और भी कई प्रकार के आजीविका है जिसे हम सभी महिलाए अपने समूह के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर शुरू कर अपने आय में बड़ोतरी कर सकते है। संगवारी महिला मंच के दीदियों द्वारा आजीविका पर अपना अपना विचार रखा गया। जिसमे संगवारी महिला मंच से 30 गांव की महिला मुखिया गणेशी, गोमती, बद्रिका, जमुना, सावित्री, अनेशी, बिंदा बाई, बासन बाई, लालमती, कमलेश्वरी, दुखीया, हिरमनी, उर्मिला,धीरजा बाई, भूमिका, सेवती, राधा, मानकुवर, भागबत्ती, आसबाई शामिल रही।

## बच्चों की सुरक्षा के लिए रमेश ने की 1 जुलाई से स्कूल खोलने की मांग

**महासमुंद।** जिले में इन दिनों नवतपा के बाद भी भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी से लोग बेहाल है। इन सभी के बीच स्कूल भी 18 जून से खुलना शासन ने तय किया है, ऐसे में भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने इस आदेश को निरस्त कर स्कूल 1 जुलाई से खोले जाने का निवेदन किया है। साहू ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने भी बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूलों को 28 जून से खोलने का निर्णय लिया है। अतः छत्तीसगढ़ में भी बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से समय आगे बढ़ाने की सख्त दरकार है। रमेश ने कहा कि नौतपा के बाद भी प्रदेश में लगातार भीषण गर्मी, लू, गर्म हवाएं की लहर चल रही है। उमस भरी गर्मी से हर वर्ग परेशान हैं, ऐसे में भरी गर्मी के बीच स्कूल खोलना बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ जैसा होगा। वर्तमान में डीहाइड्रेशन की शिकायत बढ़ गई है। सुबह 9 बजे के बाद घरों से निकलना दूभर हो रहा है। बच्चे बड़े अधिकांश वर्ग इसकी चपेट में आकर बीमार हो रहे हैं। निजी व सरकारी अस्पताल में ओपीडी संख्या भी बढ़ रही है। इन परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश के समस्त शालाओ को 1 जुलाई से खोलना उचित होगा। भीषण गर्मी के बीच शासन 18 जून से समस्त स्कूलों को खोलता है तो इस मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ने की संभावना है। अतः छत्तीसगढ़ सरकार 1 जुलाई से स्कूल खोलकर संवेदनशीलता का परिचय दें।



## नीट परीक्षा में चयनित निलय व दर्शन के घर पहुंचीं नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देश में आयोजित आईआईटी (नीट) प्रवेश परीक्षा में शहर के मेधावी छात्र दर्शन जैन पिता भीखम जैन और निलय सूचक पिता रीतेश सूचक चयनित हुए। चयन की खबर पाकर रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग दोनों चयनित छात्रों के घर पहुंच उनका और परिवारजनों का मुंह मीठा और गुलदस्ता भेंटकर दोनों छात्रों को सम्मानित कर बधाई दी। छात्रों के चयन पर नपाध्यक्ष महिलांग ने परिवारजनों को भी बधाई दी।



नगर पालिका अध्यक्ष महिलांग को अपने समीप पाकर मेधावी छात्र व उनके परिजन हर्ष से अभिभूत हुए। इस दौरान महिलांग ने कहा कि दोनों छात्रों ने नीट की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर न सिर्फ अपना लक्ष्य पूरा किया है, बल्कि परिवार व समाजजनों और शहर को भी गौरवान्वित किया है। महिलांग से चर्चा करते हुए छात्र और परिजनों ने कहा कि पालिकाध्यक्ष पहली जनप्रतिनिधि है, जिन्होंने निवास आकर छात्रों का न सिर्फ सम्मान किया बल्कि परिजनों की खुशी को भी दोगुना कर दिया है। राशि त्रिभुवन महिलांग ने दोनों छात्रों और परिवारजनों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान उनके साथ नीरज परोहा, अरिश अनवर, राजेश लूनिया, बसंत लूनिया, योगेश जैन, छात्र दर्शन जैन, निलय सूचक, भीखम जैन, रीतेश सूचक और परिजन मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने हर्बल गार्डन में किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन एवं डॉ. मालती तिवारी व अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो महिला इकाई के मार्गदर्शन में रासेयो दिशा निर्देश पर हर्बल गार्डन में श्रमदान किया गया।

महाविद्यालय स्थित रासेयो हर्बल गार्डन में स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान कर गार्डन में लगे पेड़ पौधो को संरक्षित किया गया। क्यारियों में बन कचड़े की निंदाई, पौधों में पानी डाला गया, पेड़ के झड़े हुए पत्ते, कंटीली झाड़ियों की सफाई की गई। गार्डन में नीम, शहतूत, साल, सिबबुल के पेड़ एवं लेमन ग्रॉस, तुलसी, एलोवेरा, आंवला आदि छोटे-छोटे पौधे है, जिसे संरक्षित किया गया।

छुईहा प्रज्ञा मंडल में गायत्री जयंती व गंगादशहरा पर्व धुमधाम से मनाया गया

## जीवन सृजन के लिए गायत्री मंत्र है आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर





आदिकाल में ब्रह्मा जी जिस शक्ति की साधना करके विश्व संचालन के लिए उपयोगी ज्ञान-विज्ञान प्राप्त करने में समर्थ हुए, उस शक्ति का नाम गायत्री है। हमारी जीवन व्यवस्था सृजन और अभिवर्द्धन का उद्देश्य लेकर चल रही है, उसे भी इसी गायत्री शक्ति के संबल की आवश्यकता है। उपासना और तपश्चर्या को अपनाकर गायत्री मंत्र में उपस्थित तत्त्व बीजों को अपने अंदर बढ़ाया जा सकता है। उक्त विचार अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार प्रशिक्षित युगवक्ता कुलदीप भारती ने गायत्री प्रज्ञा मंडल छुईहा में आयोजित गायत्री जयंती एंव गंगादशहरा के अवसर पर कही। आगे कहा की गायत्री को वेदमाता कहा गया है। परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने इस महाशक्ति को ज्ञान को गंगोत्री, संस्कृति की जननी एवं आत्मबल की अधिष्ठात्री कहा है। गायत्री मंत्र को गुरुमंत्र कहते हैं। गायत्री हम सभी भारतीय धर्मानुयायियों की उपास्य है। इसी ज्ञान-विज्ञान की देवी गायत्री का जन्म दिवस है। वहीं छुईहा में गायत्री परिवार द्वारा गंगादशहरा पर्व भी मनाया गया इस संदर्भ में कुलदीप ने आगे कहा भगवती गंगा मैय्या इसी दिन स्वर्ग से धरती पर

अवतरित हुई। हिमालय के गोमुख से निकलने वाली स्थूल गंगा भूमि को सींचती, प्राणियों की प्यास बुझाती, मलिनता हरती और शांति देती है। अध्यात्म जगत में गायत्री रूपी ज्ञानगंगा में भी हैं। गायत्री जयंती और गंगादशहरा कार्यक्रम छुईहा की व्यासपीठ से यज्ञाचार्य की आसंदी में प्रिया साहू मुरमुरा आसीन थी। वह अभी फुलचंद महाविद्यालय की छात्रा है, जो बहुत शुद्धता से यज्ञ का कर्मकाण्ड कराया। मंच से प्रेरक भजन गीत की प्रस्तुति भी दी। प्रिया साहू ने इस मौके एक कुण्डली गायत्री यज्ञ की संचालन की जिसमें सैकड़ों ने आहुति समर्पित किया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार से देव आह्वान, देव पुजन कराया गया। कहा कि गायत्री मंत्र के समान कोई मंत्र नहीं, हवन के जरिए विश्व समृद्धि, सुख शांति,आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए आहूतियां दी जाती है। कुलदीप भारती, प्रिया साहू, डॉक्टर राजाराम सिन्हा, मीरादेवी सिन्हा, चेतन सिन्हा, परदेशी सिन्हा, कमला सिन्हा, लुकेश, सेवति, माधव यादव, पुनम, देविका, कुसुम लता, चेतना, तारणी, कुनाल, खोरबाहरा सिन्हा, हरिश्चन्द्र ध्रुव, योगेश साहू, लोमेश्वर, जान्हवी, सीमा,नेहा, कमल किशोर सिन्हा, सत्यनारायण सिन्हा, उर्मिला सिन्हा, ताम्रध्वज साहू, दूर्गाराम सिन्हा, कुंजलाल सिन्हा, अंजलि सिन्हा, प्रज्ञा सिन्हा, ज्योति सिन्हा, झरणा सिन्हा, ढानेन्द्र सिन्हा, रोहित, वेदबाई, खोमेश्वरी पटेल, योगिता पटेल, मोनिका पटेल, सत्यम पटेल, मोतीन, नीरज, राकेश, केशू, विनय, सुर्यकांत, फागेंश्वरी, तुलसी साहू, रझूला सिन्हा, कृपाराम, चैतू राम तारक, भागीरथी सिन्हा गायत्री परिवार छुईहा, धुरसा, मुरमूरा,चरौदा, बोडकी फुलझर कसेरूडीह व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित सांसद के स्वागत के लिए आतुर है जिले की जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि 17 जून को महासमुंद लोकसभा की नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रथम नगर आगमन पर उनके भव्य और ऐतिहासिक स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह है। विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि चंद्राकर ने बताया कि 17 जून को सुबह 11 बजे महासमुंद लोकसभा की प्रथम नवनिर्वाचित महिला सांसद रूपकुमारी चौधरी के महासमुंद शहर आगमन पर तुमगांव रोड स्थित मां शारदा मंदिर में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पूजा अर्चना पश्चात उनकी स्वागत एवं आभार रैली एकता चौक होते हुए शहर के मुख्य मार्गों पर रोड शो करती हुई नागरिकों का आभार अभिनंदन करते गुजरेगी। जिला महामंत्री प्रदीप ने आगे बताया कि सांसद के स्वागत के लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं सहित शहर की जनता के साथ विभिन्न समाजों के पदाधिकारी, व्यापारिक संगठन,



श्रमिक संघ उत्साहित और प्रतीक्षारत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतीक के रूप में महासमुंद लोकसभा की सांसद निर्वाचित हुई रूपकुमारी को पूरे क्षेत्र की जनता ने अपार जनसमर्थन दिया है। मोदी के नेतृत्व वाले केंद्र की भाजपा सरकार के 10 सालों के काम पर छग की जनता ने अपने विश्वास की मुहर लगाकर 11 में से 10 सीट का योगदान केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने में दिया है। प्रदीप ने बताया कि मोदी सरकार की तीसरी पारी विकसित भारत के निर्माण के लिए निर्णायक सिद्ध होगा।

## खबर संक्षेप

### हरदीभाठा में गायत्री महायज्ञ का आयोजन



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा स्थित वेदमाता गायत्री प्रज्ञा मंदिर में गायत्री जयंती गंगा दशहरा एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक इस युग के विश्वामित्र युग वशिष्ठ युग व्यास महाकाल के अवतारी सत्ता परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस पर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में तीन गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार एवं एक शिशु का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न हुआ। गायत्री जयंती गंगा दशहरा एवं पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण पुण्यतिथि पर प्रकाश डालते हुए आचार्य सवितानंद साहू ने कहा आज के इस पावन पर्व को अखिल विश्व गायत्री परिवार के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में मना रहे हैं। आज शाम 6 बजे से दीप महायज्ञ एवं मां गंगे की महा आरती का कार्यक्रम भी संपन्न होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

### सीआरपीएफ ने इतिहासकार डा. हेमू यदु को याद किया

**अभनपुर।** सीआरपीएफ 211 बटालियन में स्वर्गीय डॉक्टर हेमू यदु को याद किया गया। स्वर्गीय डॉ हेमू यदु छत्तीसगढ़ के एक प्रसिद्ध पुरातत्वविद,इतिहासकार व लेखक रहे हैं। इन्होंने राम वन गमन पर बहुत सारे शोध किए हैं और उससे संबंधित पुस्तक प्रकाशित हुई है। 211 बटालियन के कमांडेंट संजीव रंजन ने उनके परिवारजनों को आमंत्रित कर सम्मानित किया। उनके परिवारजनों में उनकी पत्नी श्रीमती उमा यदु और उनकी दो पुत्रियाँ डॉ प्रकृति और सृष्टि व डॉक्टर किशोर अग्रवाल इस दौरान उपस्थित रहे। डॉ किशोर अग्रवाल सेवानिवृत्त पुलिस उपमहानिरीक्षक के साथ ही साहित्यकार, कवि व चित्रकार भी है।

**ओवर रेट का मामला :** भाजपा नेताओं से की लोगों ने ओवर रेट की शिकायत

# नवापारा शराब दुकान की सर्जरी, हटाए गए अधिकारी-कर्मचारी, रेट को लेकर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

जिले के नवापारा शहर में शराब मामले में हमेशा चर्चा में रहते चला आया है। यहां रोज कई लाखों रूपए के शराब लोग पी जाते हैं। ओवररेट की शिकायत तो आम बात है पर हल्ला तभी होता है जब कुछ ज्यादा ही ओवररेट हो जाता है। रविवार को यहां के देशी और अंग्रेजी शराब दुकान जो एक ही कंपाऊंड में है जमकर हल्ला हुआ। हल्ला की शिकायत भाजपा नेताओं तक पहुंची। भाजपा के युवा नेता किशोर देवांगन, नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता प्रसन्न शर्मा, वरिष्ठ पार्षद बॉबी चावला, मण्डल मंत्री टिंकू संजीव सोनी, भूषण सोना, इमरान सोलंकी, प्रीतेश साहू आदि शराब दुकान पहुंचे। वहां इनके पहुंचते ही शराब लेने वाले लोगों ने ओवररेट की जमकर शिकायत की। भाजपा नेताओं ने इस शिकायत को गंभीरता से लिया और अपने स्तर पर पड़ताल की, जिसमें ओवररेट की शिकायत प्रत्यक्ष में प्रमाणित पाए। इसके तत्काल बाद भाजपा नेता श्री देवांगन ने दोनों शराब दुकान के सभी सुपरवाइजर और सेल्समेन पर बिफर पड़े और वहीं मौके पर ही भड़कते हुए सुपरवाइजर और सेल्समेन को जमकर फटकार लगाया। मौके से ही आबकारी विभाग के डीइओ विकास गोस्वामी को मोबाइल पर इसकी शिकायत किया। उन्हें सुपरवाइजर और सेल्समैन की कारस्तानी की जानकारी देते हुए तत्काल सभी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। इस पर क्षेत्रीय आबकारी अधिकारी ने आज ही मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, वहीं सुपरवाइजर और सेल्समैन की नियुक्ति करने वाले ठेकेदार ने सभी को तत्काल नवापारा की दुकानों से हटाने का भरोसा दिया।



### लंबे समय से चल रहा था ओवररेट का खेल

नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा ने कहा कि देशी और विदेशी शराब दुकान में लंबे समय से चल रहे इस ओवररेट के खेल में आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत है। अगर अधिकारी ईमानदार होते तो नगर की इन दोनों शराब दुकानों में ओवररेट का खेल चल ही नहीं पाता।



### शिकायत के बाद हटा दिए गए अधिकारी -कर्मचारी

हमने नीचे से लेकर ऊपर तक के सभी अधिकारी -कर्मचारी को इस शिकायत के बाद सर्जरी करते हुए हटा दिया है और मौका निरीक्षण के लिए राजधानी रायपुर से एडीओ श्री पैकरा, इंस्पेक्टर नीलम स्वर्णकार सहित स्टॉफ को नवापारा के लिए रवाना किया है। देर रात जानकारी मिली है कि अधिकारियों का यह टीम शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज कर रहे है।

**-विकास गोस्वामी**, डीओ अकबारी रायपुर

### ओवररेट की कमाई से अपनी भर रहे थे जेब

देवांगन ने बताया कि देशी और विदेशी शराब दुकान के ये सभी सुपरवाइजर और सेल्समेन लंबे समय से मदिरा प्रेमियों को ओवररेट में शराब की बिक्री कर ओवररेट की कमाई को अपने जेब में भर रहे थे। संबंधित अधिकारियों की उदासीनता के चलते ओवररेट को लेकर मदिरा प्रेमियों में प्रदेश सरकार के प्रति नकारात्मक विचार उत्पन्न हो रहे थे लिहाजा हमें खुद शराब दुकान में पहुंचना पड़ा। यहां वस्तु स्थिति से अवगत हुए। देवांगन ने आगे बताया कि प्रदेश की साय सरकार के सख्त निर्देश के बावजूद भी संबंधित अधिकारियों से आपसी सांठगांठ के चलते विभिन्न प्रकार के माफिया अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं, जिनके विरुद्ध उन्होंने लगातार मोर्चा खोला हुआ है। क्षेत्र के रेत, मुरूम और भू-माफियाओं के बाद अब शराब दुकानों में ओवररेट के विरुद्ध उन्होंने मोर्चा खोल दिया है।

## सफाई कर्मचारी संघ की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

स्वायत्तसाशी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश तिवारी व प्रदेश महामंत्री शरद दुबे तथा नंद कुमार कुशवाहा अध्यक्ष कर्मचारी महासंघ नगर निगम प्रकोष्ठ बिलासपुर से नवापारा पहुंचे। स्थानीय नवापारा सफाई कर्मचारी संघ के तत्वावधान में इंदिरा मार्केट स्थित संस्कार भवन में आयोजित बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान नवापारा सफाई कर्मचारी संघ ने प्रदेश स्वशासी कर्मचारी संघ को अपना समर्थन दिया और आगामी दिनों में अपने हित व अधिकार की लड़ाई प्रदेश संघ के साथ मिलकर लड़ने की बात कही। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सुरेश तिवारी ने कहा कि हमारा स्वशासी संगठन कर्मचारियों के हित के लिए कार्य करती आ रही हैं, और आगे भी करती रहेगी। मजदूरों को



उनका हक दिलाने के लिए हम वचनबद्ध हैं। इस दौरान नवापारा सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संतोष सोनी, सचिव सदनलाल साहनी, सहसचिव महादेव नायक, उपाध्यक्ष भीम बंछोर, कोषाध्यक्ष संतराम सोनी, सहकोषाध्यक्ष सुनील नायक, सलाहकार भुनेश्वर सोनी, भुजंग साहनी, गणेश केन्द्रे, चैती बाई साहनी, बोधनी साहनी, रुख्मणी साहनी, शिल्पा साहनी, गिरजा साहनी समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## गंगा दशहरा व गायत्री जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

गायत्री शक्तिपीठ छुरा में गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती के अवसर पर तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर नगर के श्रद्धालु भक्तों ने अपने एक दिन पूर्व एक दिवसीय साधना का समापन किया तथा मां गंगा के अवतरण हुए उसके बारे में व्याख्यान किया गया। इसी दिन परम्-पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य ने ब्रम्हलीन में व्याप्त हुए उन्हें स्मरण कर मंत्र और वनौषधियों से निर्मित हवन सामग्री से आहूति प्रदान की गई।





इस कार्यक्रम में तिजाऊ राम साहू, घासीन साहू, प्रभु राम सिन्हा, रीता कोठारी, त्रिवेणी साहू, पुखराज खुशबू ठाकुर, दिलीप संध्या यदु, नरसिंह खिलेश्वरी सोम, तिजउ राम घासिन साहू, भुनेश्वर पटेल, सरस्वती सिन्हा, कमला सारस्वत, प्रियंका कोठारी, दीपाली सारस्वत आदि कार्यकर्ताओं ने सपरिवार उपस्थित होकर इस कार्यक्रम में भागीदारी की। एक पुंसवन संस्कार एवं एक जन्म दिवस संस्कार भी किया गया। संगीत एवं व्यास पीठ पक्ष में भुनेश्वर पटेल और मीना यादव ने समा बांधा। यज्ञ संपन्न होने के बाद भोजन प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद ग्राम दुल्ला में विकासखंड स्तरीय पांच कुंडीय यज्ञ कार्यक्रम आयोजित में शामिल होने गए। इस प्रकार यह कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में मनाया गया।




संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता छुईहा, मो. 9589469068